प्रेस नोट

थाना सिसोलर **दिनाँक 15.06.2024**

पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा किया गया थाना सिसोलर का वार्षिक निरीक्षण

आज दिनाँक 15.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर द्वारा थाना सिसोलर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम जनसुनवाई कक्ष का फीता काटकर उद्धाटन किया गया तत्पश्चात थाने के कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर/ महिला हेल्पडेस्क/साइबर हेल्प डेस्क /सीसीटीएनएस कक्ष/विवेचना कक्ष/ ई-मालखाना / मैस/ थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया, अभिलेखों को गहनता से चेक किया गया व समय से अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, तदोपरांत थाना परिसर की साफ-सफाई को चेक किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही थानाध्यक्ष सिसोलर तथा अन्य पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाली जनता/पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करने व जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में महोदया द्वारा ग्राम प्रहरी(चौकीदार) से वार्ता कर थाना क्षेत्र के बारे में जानकारी की गई तथा आगामी त्यौहार के दृष्टिगत क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनायें रखने हेतु प्रेरित किया गया । ग्रामीण क्षेत्रो में संदिग्ध लोगो पर निगाह रखें । भूमि विवाद व रंजिश के मामलो में उन लोगो पर नजर रखें जिससे कोई वारदात होने से पहले पुलिस को सूचना मिल सके।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मौदहा, थानाध्यक्ष सिसोलर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।